दिन– सोमवार    दिनांक– 09 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।    अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– आयुष्मान भारत योजना और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का हो रहा है विस्तार।

02 बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के चुनाव के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। सोलह मार्च को होगा मतदान।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल सुपौल से समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण की शुरूआत करेंगे। विभिन्न विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्‌घाटन और शिलान्यास।

04. और, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– हड़ताल से वापस नहीं लौटने वाले अंचलाधिकारियों और राजस्व कर्मचारियों के खिलाफ होगी निलंबन की कार्रवाई।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ है। श्री मोदी बजट उपरांत सबका साथ सबका विकास – जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित कर रहे थे।

–––बाइट–––

साथियों, भारत आज प्रिवेंटिव और होलिस्टिक हेल्थ के लिए एक विशाल विज़न पर काम कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में देश का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है, सैकड़ों जिलों में नए–नए मेडिकल कॉलेज खुल गए हैं। आयुष्मान भारत योजना, आरोग्य मंदिरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच गांव–गांव तक बढ़ाई गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केयरगिवर्स की बढ़ती वैश्विक मांग देश के लाखों युवाओं के लिए कौशल आधारित रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है।

–––बाइट–––

एक अहम विषय, जिसका मैं जिक्र करना चाहूंगा, वो है केयर इकॉनमी। आने वाले दशक में देश में सीनियर सिटीजन्स की संख्या तेजी से बढ़ेगी। इसके अलावा, आज वर्तमान में, दुनिया के कई देशों में केयरगिवर्स की भारी मांग है। इसलिए, अब हेल्थ सेक्टर में लाखों युवाओं के लिए, नई स्किल आधारित रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने एक सशक्त अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण का आह्वान किया जो युवा शोधकर्ताओं को बिना किसी बाधा के नवाचार और प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करे।

---बाइट---

आपके सुझाव बहुत अहम होंगे। साथियों, जब इन्स्टीट्यूशन्स, इंडस्ट्रीज, एकेडेमिया मिलकर काम करते हैं, तो परिवर्तन की गति तेज हो जाती है। बजट के बाद वेबिनार की जो ये सिरीज हुई है, मुझे विश्वास है उससे आने वाले समय के लिए ठोस दिशा मिलेगी। ऐसे ही प्रयासों से विकसित भारत की नींव और मजबूत होगी।

---

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव कम करने के लिए संवाद और कूटनीति के रास्ते को अपनाने पर जोर दिया है। डॉ. जयशंकर पश्चिम एशिया की स्थिति पर राज्यसभा में बयान दे रहे थे।

---बाइट---

भारत शांति के पक्ष में है और संवाद तथा कूटनीति के माध्यम से तनाव कम करने का आग्रह करता है। हम संयम बरतते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के पक्ष में हैं। क्षेत्र में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए हम क्षेत्र के देशों की सरकारों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे। हमारे लिए ऊर्जा सुरक्षा और व्यापारिक हित सहित राष्ट्रीय हित हमेशा सर्वोपरि रहेगा। मुझे विश्वास है इस मुद्दे पर सरकार को सदन का पूरा समर्थन प्राप्त है।

इधर, लोकसभा में विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार उभरते घटनाक्रमों पर नजर रख रहे हैं। डॉ. जयशंकर ने कहा कि विदेश मंत्रालय ने स्थिति पर नजर रखने और प्रश्नों का उत्तर देने के लिए एक विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि कल तक लगभग सड़सठ हजार भारतीय नागरिक देश लौट चुके हैं।

---

बिहार की पांच राज्यसभा सीटों के लिए छह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। आज नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस नहीं लिया, जिसके चलते मतदान की स्थिति बन गई है। मतदान सोलह मार्च को होगा और उसी

दिन मतों की गिनती भी होगी। एक उम्मीदवार को जीत के लिए कम से कम इकतालीस विधायकों के प्रथम वरीयता वोट की आवश्यकता होगी। गौरतलब है कि एनडीए की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर और शिवेश कुमार उम्मीदवार हैं। वहीं, राजद ने अमरेन्द्रधारी सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

———————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए केन्द्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा बिहार में पार्टी के पर्यवेक्षक होंगे।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का तीसरा चरण कल सुपौल से शुरू हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कल पहले दिन मुख्यमंत्री सुपौल और मधेपुरा जिले का दौरा करेंगे। सुपौल में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम निर्मली अनुमंडल कार्यालय में होना है।

———बाइट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार निर्मली पहुंचने के बाद निर्मली बांध के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे अनुमंडल कार्यालय परिसर में विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण करेंगे और विभिन्न योजनाओं के लाभुकों से साथ संवाद करेंगे। संवाद के बाद मुख्यमंत्री विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे। श्री कुमार निर्मली अनुमंडल कार्यालय में आयोजित बैठक में जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री का अनुमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित जनसंवाद को भी संबोधित करने का कार्यक्रम है। इसके बाद वे मधेपुरा के लिए प्रस्थान करेंगे। आकाशवाणी समचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

इधर, संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी समृद्धि यात्रा के दौरान दस जिलों में विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। यह यात्रा चौदह मार्च तक चलेगी।

———बाइट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा की तैयारियों में लापरवाही बरतने के आरोप में सुपौल की प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्णा कुमारी को पद से हटा दिया गया

है। जिलाधिकारी सावन कुमार ने इस संबंध आदेश जारी किया है। उन्हें जिला ग्रामीण विकास अभिकरण में प्रतिनियुक्त किया गया है। वहीं, छातापुर के ग्रामीण विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार रजक को सुपौल प्रखंड विकास पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

———————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के जे.पी. गंगापथ अंतर्गत विभिन्न निर्माणाधीन योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पटना साहिब रेलवे स्टेशन से पटना घाट तक निर्माणाधीन संपर्क पथ और भदघाट से दीदारगंज फोरलेन चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तेजी से काम पूरा करने के निर्देश दिए।

———————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि हड़ताल से वापस नहीं लौटने वाले अंचलाधिकारियों और राजस्व कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई होगी। श्री सिन्हा ने कहा कि यदि कर्मचारी नहीं माने तो अस्थाई तौर पर नई नियुक्ति की जायेगी।

———बाइट———

———————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सरकार अगले पांच वर्षों में मजदूरों का पलायन रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। आज पटना में गन्ना प्रौद्योगिकी सेमिनार को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि एक—एक मजदूरों को चिन्हित कर उनके लिए राज्य में ही रोजगार की व्यवस्था की जायेगी।

———बाइट———

सेमिनार को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार में बड़े पैमाने पर गन्ना उद्योग पर आधारित चीनी मिल, इथेनॉल फैक्ट्री और अन्य संयंत्र लगाए जायेंगे।

———बाइट———

———————————————————————————

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने एक बार फिर दोहराया है कि राज्य में गठित होने वाली नई सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही काम करेगी। श्री झा ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राज्यसभा सदस्य बनने के बाद भी नीतीश कुमार अपना अधिकांश समय बिहार को देंगे।

———बाइट———

———————————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले बीस वर्षों में बिहार ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज दरभंगा के कुशेश्वर स्थान में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों के कारण आज राज्य के लोग देश के हर कोने में खुद को गर्व से बिहारी कहते है।

———————————————————————————

जदयू नेता निशांत कुमार ने कहा है कि वे जल्द ही राज्य के सभी जिलों का दौरा करेंगे। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इस संबंध में कार्यक्रम तय होगा।

———————————————————————————

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आज पटना में बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व सांसद प्रिंस राज को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया।

———————————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य में तीन दिनों तक बारिश की परिस्थितियां बनी रहेगी। आज राज्य के उत्तर—मध्य, उत्तर—पूर्वी, दक्षिण—मध्य और दक्षिण—पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है।

———बाइट———

इधर, चौंतीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर आज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————————————

सीवान जिले के वसंतपुर बाजार स्थित एक आभूषण दुकान से अपराधियों ने हथियार के बल पर पच्चीस लाख मूल्य रूपये के जेवरात और अन्य सामान लूट लिये। पुलिस ने बताया कि छह की संख्या में आये अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया।

———————————————————————————————

मुंगेर की पोक्सो अदालत ने नाबालिग पुत्रियों के यौन शोषण के मामले में दोषी प्रदीप कुमार चौधरी को आजीवन कारावास और तीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————————————

पटना, बाढ़ और बेगूसराय व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई—मेल के जरिए मिली धमकी के बाद प्रशासन ने पूरे कोर्ट परिसर को खाली

कराकर सघन जांच अभियान चलाया। कहीं से किसी प्रकार का कोई विस्फोटक नहीं मिला है।

———————————————————————————————

मधुबनी जिले के बाबूबरही थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक पिकअप वाहन से चार हजार छह सौ लीटर से अधिक शराब बरामद की है। मौके से वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही इस मामले में शराब तस्कर की भी गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————————————

पटना के मोकामा थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक कंटेनर से चार क्विंटल गांजा बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इधर, कटिहार रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने अरूणाचल एक्सप्रेस से एक युवक को पंचानवे किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– आयुष्मान भारत योजना और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का हो रहा है विस्तार।

02 बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के चुनाव के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। सोलह मार्च को होगा मतदान।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल सुपौल से समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण की शुरूआत करेंगे। विभिन्न विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्‌घाटन और शिलान्यास।

04. और, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– हड़ताल से वापस नहीं लौटने वाले अंचलाधिकारियों और राजस्व कर्मचारियों के खिलाफ होगी निलंबन की कार्रवाई।

———————————————————————————————

समाप्त